# ध्येय पथ
## सितम्बर–2019

## गृह विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 'न्यूट्रिशन वीक जागरूकता कार्यक्रम'



02 सितम्बर को गृह विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना गुरू श्रीगोरक्षनाथ ईकाई के संयुक्त तत्वावधान में सप्तदिवसीय 'न्यूट्रिशन वीक जागरूकता कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव ने विचार प्रस्तुत किया राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती किरन सिंह तथा संचालन सुश्री पल्लवी नायक ने किया।

## राजनीतिशास्त्र विभाग में विशिष्ट व्याख्यान



04 सितम्बर को महाविद्यालय में राजनीतिशास्त्र के तत्वावधान में 'अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद जम्मू–कश्मीर में लोकतान्त्रिक प्रक्रिया'' प्रक्रिया विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कला संकाय एवं राजनीतिशास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. श्री प्रकाश मणि त्रिपाठी ने व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में आभार ज्ञापन प्राचार्य प्रदीप कुमार राव ने तथा संचालन राजनीतिशास्त्र विभाग के प्रवक्ता डॉ. कृष्ण कुमार पाठक ने किया। इस अवसर पर शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## हिन्दी विभाग में विशिष्ट व्याख्यान



04 सितम्बर को हिन्दी विभाग द्वारा 'साहित्य का उद्देश्य' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस विषय पर मुख्य वक्ता दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के पूर्व आचार्य प्रो. रामदरश राय ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता का स्वागत प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव तथा संचालन हिन्दी विभाग प्रभारी डॉ. आरती सिंह ने किया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शिक्षक दिवस

05 सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रार्थना सभा में सेन्ट एन्ड्रयूज डिग्री कॉलेज के भौतिक विभाग के वरिष्ठ आचार्य डॉ. आर. पी. सिंह ''गुरू गोरक्षनाथ शिक्षक सम्मान'' दिया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने किया। इस अवसर पर शिक्षक विद्यार्थी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



## दधिचि जयन्ती

06 सितम्बर को प्रार्थना सभा में आयोजित महर्षि दधिची जयन्ती के अवसर पर प्राचीन इतिहास विभाग के प्रवक्ता श्री सुबोध मिश्रा ने अपने विचार प्रस्तुत कर महर्षि दधिचि के लोकमंगल कल्याणकारी कार्यो पर प्रकाश डालते हुए उन्हे हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।




## अंग्रेजी विभाग में विशिष्ट व्याख्यान

07 सितम्बर को अंग्रेजी विभाग में ''लैग्वेंज एज टूल ऑफ कम्युनिकेशन विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मदन मोहन मालवीय तकनीकि विश्वविद्यालय के अंग्रेजी मानविकी और प्रबंधन विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रो. डॉ. सुधीर नारायण सिंह ने उद्‌बोधन दिया। कार्यक्रम में आभार ज्ञापन अंग्रेजी विभाग की प्रभारी श्रीमती कविता मध्यान् तथा संचालन छात्रा सुश्री अंजु त्रिपाठी ने किया।




## छात्रसंघ कार्यकारिणी बैठक

07 सितम्बर को महाविद्यालय में छात्रसंघ कार्यकारिणी सदस्यों को छात्रसंघ के उद्‌देश्यों से परिचित कराने, कर्त्तव्यों का बटवारा करने तथा विभिन्न छात्रसंघ समितियों के गठन हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी पदाधिकारियो सहित 72 प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता विजय कुमार तथा संचालन प्रभारी श्री नन्दन शर्मा ने किया।



## समाजशास्त्र अतिथि व्याख्यान



07 सितम्बर को समाजशास्त्र विभाग में संस्कर का समाजशास्त्रीय महत्व विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ0 मनीष कुमार पाण्डेय ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्री बृजभूषण लाल तथा आभार ज्ञापन डॉ0 हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने किया।

## कवयित्री महादेवी वर्मा पुण्यतिथि एवं आचार्य विनोबा भावे जयन्ती




11 सितम्बर को को प्रार्थना सभा में कवयित्री महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि एवं आचार्य विनोबा भावे की जयन्ती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता डॉ0 सुभाष कुमार गुप्ता ने कवयित्री महादेवी वर्मा के कृतित्व व आचार्य विनोबा भावे के व्यक्तित्व और उनके द्वारा चलाए गए भूदान आन्दोलन पर अपना विचार प्रस्तुत कर उन्हे हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।

## युगपुरुष बह्मलीन पूज्य महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं राष्ट्रसंत बह्मलीन पूज्य महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की जयन्ती व पुण्यतिथि समारोह उद्घाटन कार्यक्रम

12 सितम्बर को युगपुरुष बह्मलीन पूज्य महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 125 वीं जयन्ती वर्ष एवं राष्ट्रसंत पूज्य महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के जयंती पुण्यतिथि सप्ताह श्रद्धांजलि समारोह के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में 'राष्ट्रीय पुनर्जागरण यज्ञ और संत समाज' विषय पर बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने मठ और मंदिरो से अपील की कि वह पूजा पाठ तक ही सीमित न रहे बल्कि राष्ट्रीय भावना के साथ लोक कल्याणकारी कार्यो के लिए आगे आए।



गोरखनाथ मंदिर के दिग्विजयनाथ समृति सभागार में आयोजित जयन्ती पुण्यतिथि समारोह के उद्घाटन सत्र में भोजपुरी साहित्यकार एवं योगवाणी पत्रिका के सम्पादक डॉ0 फूलचंद की पुस्तक 'महायोगी गोरखनाथ' का लोकापर्ण हुआ। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज, प्रो. सुरेश चन्द्र मित्तल, प्रो. यू.पी. सिंह, प्रो. रामअचल सिंह और संत उपस्थिति रहे।

## शिक्षक संघ चुनाव



14 सितम्बर को महाविद्यालय में शिक्षक संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष पद पर इतिहास विभाग के प्रभारी डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह उपाध्यक्ष पद पर कम्प्यूटर विभाग के प्रवक्ता डॉ. हरविन्दर श्रीवास्तव, महामंत्री पद पर वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता, संयुक्त मंत्री पद पर भौतिक विज्ञान विभाग की प्रवक्ता श्रीमती मनीता सिंह तथा कोषाध्यक्ष पर पर रसायनशास्त्र विभाग के प्रवक्ता श्रीमती प्रियंका मिश्रा निर्वाचित हुई। अन्त में चुनाव अधिकारी डॉ. विजय कुमार चौधरी ने विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनायें दी।

## हिन्दी दिवस




14 सितम्बर को प्रार्थना सभा में हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी विभाग के तत्वावधान में विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया इस अवसर पर प्रतिष्ठित साहित्यकार एवं सतीशचन्द्र पी.जी. कालेज, बलिया के पूर्व आचार्य डॉ. आद्या प्रसाद द्विवेदी ने व्याख्यान प्रस्तुत किय कार्यक्रम में प्रस्ताविकी हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आरती सिंह तथा आभार ज्ञापन डॉ. सुधा शुक्ला ने किया। इस अवसर पर शिक्षक कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बी.एड. विभाग में नवांगतुक विद्यार्थी समारोह

15 सितम्बर को बी.एड. विभाग द्वारा नवांगतुक विद्यार्थियों का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बी.एड. द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों व छात्राध्यापिकाओं द्वारा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस समारोह बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्राध्यापिका मिस फ्रेशर तथा मिस्टर फ्रेशर चुने गये।

## विश्व ओजोन संरक्षण दिवस




16 सितम्बर को प्रार्थना सभा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विश्व ओजोन संरक्षण दिवस के अवसर पर राजनीतिशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. सौरभ सिंह तथा आभार ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती किरन ने किया। इस अवसर पर शिक्षक विद्यार्थी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शतरंज प्रतियोगिता



16 सितम्बर को महाविद्यालय में महंत अवेद्यनाथ स्मृति शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें छात्रा वर्ग में बी.एस–सी. तृतीय वर्ष की प्रजापति ममता तथा छात्र वर्ग में बी.एड्. प्रथम वर्ष के अवनीश कुमार विजयी रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन शिवकुमार बरनवाल ने संचालन सुश्री प्रियंका मिश्रा ने तथा आभार ज्ञापन यशवंत कुमार राव ने किया। डॉ. विजय कुमार चौधरी ने विजेताओ को पुरस्कृत किया।

## स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिंग टीम दौरा



17 सितम्बर को महाविद्यालय में रैंकिंग टीम दौरा मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयाग नई दिल्ली के द्वारा ऑल इण्डिया स्वच्छता रैंकिंग टीम ने महाविद्यालय के स्वच्छता पर्यावरण वाटर हार्वेस्टिंग, पेड़ पौधों का संरक्षण, जल संरक्षण आदि व्यवस्थाओं की जॉच कर मूल्यांकन किया गया।

## विश्वकर्मा जयन्ती




17 सितम्बर को प्रार्थना सभा में विश्वकर्मा जयन्ती के अवसर पर गृहविज्ञान विभाग की प्रभारी श्रीमती किरन सिंह ने अपने विचार प्रस्तुत किए तथा महाविद्यालय परिवार की ओर से विश्वकर्मा भगवान को नमन किया।

## युगपुरुष बह्मलीन पूज्य महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं राष्ट्रसंत बह्मलीन पूज्य महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की जयन्ती व पुण्यतिथि समारोह–समापन कार्यक्रम

18 सितम्बर को युगपुरुष बह्मलीन पूज्य महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 125 वीं जयन्ती वर्ष एवं राष्ट्रसंत पूज्य महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के जयंती पुण्यतिथि सप्ताह श्रद्धांजलि समारोह के समापन कार्यक्रम के सप्त दिवसीय जयन्ती पुण्यतिथि समारोह का 'भव्य समापन' गोरखनाथ मंदिर ने हुआ। जिसमें महाविद्यालय के शिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थी सम्मिलि हुए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम ने देश के सिद्ध संतो और महंतो के अलावा सभा के अध्यक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज के साथ केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान भी मौजूद रहे। इस अवसर पर महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## गुरू नानक देव जयन्ती




21 सितम्बर को प्रार्थना सभा में गुरुनानक देव की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने गुरुनानक देव के व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की।

## प्राणि विज्ञान विभाग में विशिष्ट व्याख्यान




21 सितम्बर को प्राणि विज्ञान विभाग द्वारा विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग के आचार्य प्रो. रविकान्त उपाध्याय ने 'जैव विकास' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्राणि विज्ञान विभाग के प्रवक्ता श्री विनय कुमार सिंह तथा आभार ज्ञापन प्रवक्ता डॉ. नवनीत कुमार ने किया। सभी शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## वाणिज्य विभाग के नवप्रवेशित विद्यार्थी का स्वागत समारोह

22 सितम्बर को वाणिज्य विभाग के बी. काम. द्वितीय व तृतीय वर्ष को वाणिज्य विभाग के बी. कॉम द्वितीय व तृतीय वप्र द्वारा नवांगतुक विद्यार्थी स्वागत समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बी. काम. प्रथम वर्ष की मिस फ्रेशर तथा मिस्टर फ्रेशर चुने गये।

## छात्रसंघ कार्यकारिणी बैठक




23 सितम्बर को छात्रसंघ कार्य–कारिणी की बैठक प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें छात्रसंघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री तथा पुस्तकालयमंत्री के साथ 67 कक्षा प्रतिनिधियों ने सहभाग किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस




24 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस समारोह का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया। इस समारोह में बी.एड् विभाग की प्रवक्ता सुश्री रचना सिंह, इतिहास विभाग के प्रवक्ता डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह ने विचार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक/सेविकाओं सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

## बी.एड. विभाग में विशिष्ट व्याख्यान



25 सितम्बर को बी.एड् विभाग के द्वारा 'शिक्षण के प्रतिमान'' विषय पर दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज, गोरखपुर के एसोसिएट प्रो. डॉ. राजशरण शाही ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन बी.एड्. प्रवक्ता श्री नवनीत कुमार सिह तथा आभार ज्ञापन डॉ. अनुभा श्रीवास्तव ने किये। कार्यक्रम में शिक्षक व बी.एड्. के छात्राध्यापक व छात्राध्यापिकाएँ उपस्थित रहे।

## इतिहास विभाग में विशिष्ट व्याख्यान




25 सितम्बर को इतिहास विभाग में पं. दीनदयाल उपाध्याय जयन्ती के अवसर ''दीनदयाल उपाध्याय एवं एकात्म मानववाद'' विषय पर माधव प्रसाद त्रिपाठी राजकीय महिला महाविद्यालय सन्त कबीर के असिस्टेंट प्रो. डॉ. विद्याधर मिश्र ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रस्ताविकी इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह ने दिया। व्याख्यान में शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## योगिराज बाबा गम्भीरनाथ स्मृति व्याख्यान




26 सितम्बर को योगिराज बाबा गम्भीरनाथ जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित स्मृति व्याख्यान में अन्तरिक्ष में भारत : चन्द्रयान–02 के विशेष संदर्भ में विषय पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष एवं प्रतिष्ठित भौतिक विद् प्रो. शान्तनु रस्तोगी ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव तथा संचालन गणित विभाग के प्रवक्ता श्रीकान्त मणि त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## त्रैमासिक समीक्षा बैठक



30 सितम्बर को त्रैमासिक समीक्षा बैठक प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव तथा दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय कार्य परिषद् के सदस्य तथा वारिष्ठ अधिवक्ता श्री प्रमथनाथ मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में पाठ्यक्रम योजनानुसार कक्षाध्यापन शिक्षण पद्धति में नये प्रयोग सहित महाविद्यालय में समस्त लागू योजनाओं की समीक्षा कर आगामी त्रैमासिक योजना निर्धारित की गई।

**स्वैच्छिक श्रमदान**

सितम्बर माह में प्रत्येक सप्ताह शनिवार को महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं कर्मचारी, प्राध्यापक एवं प्राचार्य द्वारा सुविधानुसार स्वैच्छिक श्रमदान किया गया। शनिवार को कक्षाएँ 40 मिनट की चलाई जाती है तथा 11:40 से 01:00 बजे तक स्वैच्छिक श्रमदान किया जाता है।





☜ वस्पति विज्ञान विभाग में विशिष्ट व्याख्यान 21 सितम्बर 2019

ईश्वर चन्द्र विद्या सागर जयन्ती 26 सितम्बर 2019 ☞







☜ पं. दीनदयाल उपाध्याय जयन्ती एवं सतीश धवन जयन्ती 25 सितम्बर 2019

राजा राम मोहन राय जयन्ती एवं सरदार भगत सिंह जयन्ती पूर्व दिवस 27 सितम्बर 2019 ☞





बी. एड. विभाग में योग प्रशिक्षण प्राप्त करते छात्राध्यापक 21 सितम्बर 2019